# <u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

दिनांकः 04.07.2025

## <u>प्रेस नोट</u>

**<u>आर.ए.एस. मुख्य परीक्षा 2024 में हॉरिजोण्टल श्रेणी के अभ्यर्थियों के संबंध में</u>**

राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाऐं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2024 की मुख्य परीक्षा आयोग द्वारा दिनांक 17 व 18 जून 2025 को आयोजित की गई है। उक्त मुख्य परीक्षा के अन्तर्गत कतिपय हॉरिजोण्टल श्रेणी– विभागीय कर्मचारी (DC), उत्कृष्ट खिलाडी (SP) व दिव्यांग श्रेणी में Hard of Hearing (HH)/Hearing Impairment (HI) के अभ्यर्थी, जो **<u>आर.ए.एस. मुख्य परीक्षा 2024 के चारों पेपर में उपस्थित</u> रहे** हैं, वे उनकी आवेदित हॉरिजोण्टल वर्ग के संबंध में निम्नांकित कार्यवाही सुनिश्चित करें :–

1. विभागीय कर्मचारी (DC) श्रेणी के अभ्यर्थी विभागीय कर्मचारी का प्रमाण पत्र, उत्कृष्ट खिलाडी (SP) श्रेणी के अभ्यर्थी उनके द्वारा अर्जित खेल प्रमाण व दिव्यांग श्रेणी में HH/HI के अभ्यर्थी दिव्यांगता प्रमाण पत्र आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये लिंक पर निर्धारित अवधि में अपलोड करें।

2. उक्त कार्यवाही हेतु अभ्यर्थी SSO पोर्टल **<u>https://sso.rajasthan.gov.in</u>** पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल में "My Recruitment" Section के अन्तर्गत “Edit Application” Section में “Identification & Enclosure” Section पर दिये गये Document Upload लिंक को क्लिक कर दस्तावेज अपलोड करें।

3. Document Upload **करने के लिए उक्त लिंक केवल दिनांक 05.07.2025 (समय 00.00 ए.एम.) से 19.07.2025 (रात्रि 11.59 बजे) तक उपलब्ध रहेगा, इसके पश्चात् कोई अवसर देय नहीं होगा।**

4. **विभागीय कर्मचारी (DC) श्रेणी** के अभ्यर्थी संलग्न प्रपत्र में विभागीय कर्मचारी की सूचना तैयार कर ही अपलोड करें।

5. **ध्यान रखें कि मुख्य परीक्षा के चारों विषय में से किसी भी विषय में अनुपस्थित अभ्यर्थी द्वारा दस्तावेज अपलोड नहीं किये जाने हैं।**

संलग्न– उपरोक्तानुसार।

(रामनिवास मेहता)
सचिव

# राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2024

दिनांक :

## विभागीय अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत उद्घोषणा

मैं ............................(नाम)..............................(पिता / पति का नाम)............................. राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2024 का अभ्यर्थी हूॅं और मुख्य परीक्षा में मेरे रोल नम्बर ........................ है। मैंने उक्त भर्ती हेतु विभागीय अभ्यर्थी के रूप में आवेदन किया है। इस बाबत मैं निम्नानुसार उद्घोषणा करता हूॅं :–

| क्र. सं. | विभाग का नाम | नियुक्ति दिनांक | नियुक्ति के समय धारित पद | वर्तमान पदनाम | सेवा अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | से | तक |
| | | | | | | |

हस्ताक्षर कार्मिक मय नाम व पद

## कार्यालय .................................................

### विभागीय कर्मचारी का प्रमाण पत्र

क्रमांक : दिनांक :

प्रमाणित किया जाता है कि श्री ....................(कर्मचारी का नाम) .................................. पद ............................................... वर्तमान में .........(विभाग का नाम)............ में दिनांक ............... .................... से .............................................तक कार्यरत रहा है। उसके द्वारा अंकित उक्त विवरण का कार्यालय अभिलेख से सत्यापन कर लिया गया है।

**विभागाध्यक्ष / सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर**
**मय मोहर**